E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 578 /2025 दिनांक : 15/05 /2025

## कार्यालय–ज्ञाप

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 14.05.2025 के मद संख्या– 2025.23.01 द्वारा विश्वविद्यालय की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में अंक प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिए गएः–

1. प्रायोगिक परीक्षा में नियुक्त आन्तरिक तथा बाह्य परीक्षक द्वारा दिए गये प्राप्तांकों की हस्ताक्षरित सूची स्कैन कर अपलोड करने के पश्चात् ही महाविद्यालय का परीक्षाफल घोषित किया जाएगा।
2. 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान किये जाने पर परीक्षक द्वारा सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के सम्बन्ध में अलग से टिप्पणी अंकित की जाएगी।
3. जिन शिक्षकों को एक साल के लिए डिबार किया गया है उनके द्वारा विश्वविद्यालय में निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद् के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर आधार, पैन कार्ड, नियुक्ति पत्र तथा अधिक अंक प्रदान करने का स्पष्टीकरण क्षमा याचना सहित एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करने पर ही उन्हें परीक्षक बनाए जाने पर विचार किया जाएगा, साथ ही भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति किए जाने पर सम्बन्धित परीक्षक को तीन वर्ष के लिए डिबार कर दिया जाएगा।
4. उक्त से आच्छादित महाविद्यालयों से इस आशय का शपथ पत्र ले लिया जाय कि उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति उनके द्वारा नहीं की जाएगी, यदि भविष्य में महाविद्यालय द्वारा प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में अंकों को प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति की जाती है तो उसके महाविद्यालय को यू0एफ0एम0 की श्रेणी में आरोपित कर दिया जाएगा।
5. सम्बन्धित महाविद्यालयों की प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में तथा सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम की निगरानी में सम्पन्न कराई जाएगी।

अतः आदेशानुसार समस्त सम्बन्धित से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. पी0एम0यू0/कोडिंग विभाग।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

15/05/2025

**(राकेश कुमार मिश्र)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)